


# प्लैनेट न्यूज़ इंडिया

हर खबर सच के साथ

RNI No.- UPHIN/25/A4228
भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त


## मैसेजिंग एप्स पर सिम-बाइंडिंग नियम टला

### व्हाट्सएप-टेलीग्राम यूजर्स को 31 दिसंबर तक राहत




केंद्र सरकार ने मोबाइल मैसेजिंग एप्स पर लागू होने वाले सिम-बाइंडिंग नियम को 31 दिसंबर 2026 तक टाल दिया है। पहले यह नियम जल्द लागू किया जाना था, लेकिन टेक कंपनियों और यूजर्स की चिंताओं को देखते हुए दूरसंचार विभाग ने इसकी समयसीमा बढ़ाने का फैसला किया। इस निर्णय से व्हाट्सएप, टेलीग्राम और सिग्नल जैसे प्लेटफॉर्म के करोड़ों यूजर्स को फिलहाल राहत मिल गई है। सिम-बाइंडिंग नियम के तहत किसी भी मैसेजिंग एप को इस्तेमाल करने के लिए मोबाइल फोन में एक सक्रिय (एक्टिव) सिम कार्ड का होना अनिवार्य किया जाना प्रस्तावित था। यदि सिम कार्ड हटाया जाता या निष्क्रिय हो जाता, तो संबंधित एप भी काम करना बंद कर सकता था। सरकार का तर्क है कि इस व्यवस्था से साइबर फ्रॉड, फर्जी कॉल, डिजिटल अरेस्ट स्कैम और निवेश ठगी जैसे मामलों पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी, क्योंकि हर अकाउंट को केवाईसी से जुड़े वास्तविक सिम से जोड़ा जाएगा। सरकार ने पहले वेब वर्जन—जैसे व्हाट्सएप वेब और टेलीग्राम वेब—को लेकर भी सख्ती दिखाई थी। प्रस्ताव था कि यूजर्स को हर छह घंटे में ऑटोमैटिक लॉगआउट कर दिया जाएगा। हालांकि अब इस प्रावधान में बदलाव किया गया है।

नई व्यवस्था के अनुसार लॉगआउट एआई आधारित जोखिम मूल्यांकन के आधार पर होगा। यानी सिस्टम को संदिग्ध गतिविधि दिखने पर ही लॉगआउट किया जाएगा, अन्यथा सामान्य उपयोग में बाधा नहीं आएगी। दूरसंचार विभाग का कहना है कि वर्तमान में कई साइबर अपराधी सिम हटाकर या विदेश ले जाकर भी एप्स का उपयोग करते रहते हैं और इसी का फायदा उठाकर ठगी को अंजाम देते हैं। सिम-बाइंडिंग लागू होने पर ऐसे खातों को ट्रैक करना आसान होगा। हालांकि, इस प्रस्ताव का विरोध भी सामने आया है। ब्रॉडबैंड इंडिया फोरम (बीआईएफ) सहित कई टेक संगठनों ने इसे मौजूदा कानून से परे और संभावित रूप से असंवैधानिक बताया है। एक सर्वे में यह भी सामने आया कि लगभग 80 प्रतिशत लोग मानते हैं कि सिम-बाइंडिंग से उनकी रोजमर्रा की जिंदगी प्रभावित हो सकती है, खासकर उन परिवारों में जहां एक ही फोन या सिम कई लोग साझा करते हैं। फिलहाल सरकार ने सभी पक्षों से विचार-विमर्श के लिए अतिरिक्त समय देते हुए नियम की समयसीमा 31 दिसंबर तक बढ़ा दी है। अब यह देखना होगा कि साल के अंत तक इस पर क्या अंतिम फैसला लिया जाता है और क्या इसमें और बदलाव किए जाते हैं।

## जालना में समृद्धि हाईवे पर भीषण हादसा


### ट्रक ने टेम्पो को रौंदा, आठ महिला मजदूरों की मौत; मुख्यमंत्री ने किया मुआवजे का एलान



महाराष्ट्र के जालना जिले में नागपुर-मुंबई समृद्धि एक्सप्रेसवे पर बुधवार शाम एक भीषण सड़क हादसा हो गया। कडवांची गांव के पास तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से एक टेम्पो को टक्कर मार दी। हादसे के वक्त टेम्पो में 11 लोग सवार थे, जिनमें सफाई कार्य से लौट रहीं महिला मजदूर शामिल थीं। टक्कर इतनी जोरदार थी कि टेम्पो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इस दुर्घटना में सात महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। तीन लोग घायल हैं, जिनका इलाज जारी है। पुलिस ने ट्रक चालक को गिरफ्तार कर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शोक जताते हुए मृतकों के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। वहीं, मंत्री पंकजा मुंडे ने भी पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

## चिंताजनक रिपोर्ट

### हर चार में एक डायबिटीज मरीज को लिवर फाइब्रोसिस का खतरा, 70% में फैटी लिवर के संकेत





भारत में टाइप-2 डायबिटीज अब केवल ब्लड शुगर तक सीमित बीमारी नहीं रह गई है। प्रतिष्ठित मेडिकल जर्नल The Lancet में प्रकाशित एक हालिया अध्ययन के मुताबिक, देश में हर चार में से एक डायबिटीज मरीज लिवर फाइब्रोसिस से पीड़ित है, जबकि लगभग 70% मरीजों में फैटी लिवर (एमएएसएलडी) के लक्षण पाए गए हैं। विशेषज्ञों के अनुसार यह स्थिति बिना स्पष्ट लक्षणों के धीरे-धीरे बढ़ती है और समय रहते पहचान न होने पर सिरोसिस या लिवर फेलियर तक पहुंच सकती है। अध्ययन में बताया गया है कि मोटापा, इंसुलिन रेजिस्टेंस और मेटाबोलिक गड़बड़ियों के कारण लिवर में अत्यधिक फैट जमा हो जाता है, जो आगे चलकर सूजन और फाइब्रोसिस का रूप ले लेता है। रिपोर्ट के अनुसार, हर 20 में से एक मरीज में सिरोसिस का खतरा भी देखा गया है। भारत जैसे देश में, जहां डायबिटीज के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है, यह स्थिति गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती बनती जा रही है। विशेषज्ञों का कहना है कि लिवर की बीमारी अक्सर बिना लक्षण के विकसित होती है, इसलिए नियमित जांच बेहद जरूरी है। समय पर पहचान, वजन नियंत्रण, संतुलित आहार और नियमित व्यायाम से इस खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है। आधुनिक स्कैनिंग तकनीकों की मदद से बिना सर्जरी के लिवर की स्थिति का सुरक्षित आकलन संभव है।

## किडनी रैकेट: किस्मत की धनी निकली पारुल

### इलाज के बाद सुधरी सेहत; सीरम क्रेटनिन में गिरावट



कानपुर में उजागर हुए अवैध किडनी ट्रांसप्लांट प्रकरण में पीड़ित पारुल तोमर की सेहत में अब सुधार देखा जा रहा है। हैलट अस्पताल में उपचार के बाद प्रत्यारोपित किडनी ने धीरे-धीरे काम करना शुरू कर दिया है। डॉक्टरों के अनुसार किडनी के फिल्टर करने की क्षमता लौटने लगी है और सीरम क्रेटनिन का स्तर भी कम हुआ है, जो सुधार का सकारात्मक संकेत माना जाता है। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संजय काला ने बताया कि दवाओं से संक्रमण नियंत्रित हुआ है, टीएलसी काउंट में कमी आई है, हालांकि हीमोग्लोबिन अभी कम है। किडनी ट्रांसप्लांट यूनिट न होने के कारण मरीज को बेहतर सुविधा वाले केंद्र में रेफर करने की प्रक्रिया भी शुरू की गई है। जांच में यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ है कि ट्रांसप्लांट से पहले डोनर और रिसीवर की अनिवार्य इम्युनोलॉजिकल जांचें नहीं कराई गई थीं। विशेष रूप से एचएलए एंटीजन टेस्ट, जो किडनी मैचिंग और रिजेक्शन के खतरे का आकलन करने के लिए जरूरी होता है, नहीं कराया गया।

विशेषज्ञों का कहना है कि इस तरह की लापरवाही मरीज को जानलेवा संक्रमण या अंग अस्वीकृति (रिजेक्शन) के गंभीर खतरे में डाल सकती है। परिजनों को इलाज से संबंधित जरूरी दस्तावेज और बाद की जांचों की जानकारी भी नहीं दी गई, जो चिकित्सा मानकों के गंभीर उल्लंघन की ओर इशारा करता है। मामले की जांच में साइबर नेटवर्क की भी भूमिका सामने आई है। पुलिस कमिश्नर रघुबीर लाल के अनुसार, डोनर को एक टेलीग्राम ग्रुप के माध्यम से संपर्क कर अवैध गतिविधियों से जोड़ा गया था। पूछताछ में ऐसे संकेत मिले हैं कि कुछ निजी अस्पतालों के कर्मियों और बिचौलियों का एक संगठित नेटवर्क सक्रिय था। पुलिस वित्तीय लेनदेन और डिजिटल साक्ष्यों की जांच कर रही है तथा आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की तैयारी है। इस प्रकरण के बाद कमिश्नरी पुलिस ने नर्सिंग होम और निजी अस्पतालों के लिए कड़े दिशा-निर्देश जारी करने का फैसला किया है।

# Aaj Ka Rashifal 2 April



2 अप्रैल को चैत्र माह की पूर्णिमा तिथि है और इस दिन देशभर में हनुमान जन्मोत्सव मनाया जा रह है। 2 अप्रैल को पूर्णिमा तिथि 07 बजकर 42 मिनट तक रहेगी और इस दिन हस्त नक्षत्र का भी संयोग रहेगा। आज के दिन कुछ राशि वालों को नौकरी-व्यापार में धन लाभ के अवसरों में वृद्धि होगी। आय में जबरदस्त इजाफा देखने को मिलेगा। लेकिन लेन-देन के मामलों में आपको सावधानी बरतनी होगी। इसके अलावा दिन में अधूरे काम पूरे होंगे। ऐसे में आइए जानते हैं

### मेष

आज का दिन आपको भागदौड़ और जिम्मेदारियों के बीच उलझा सकता है, लेकिन यही व्यस्तता आपको आगे बढ़ाने का रास्ता भी दिखाएगी। मन करेगा कि कुछ बड़ा और अलग किया जाए, पर ध्यान रखें आज जोखिम भरे कामों से दूरी ही समझदारी है। परिवार में खासकर भाई के स्वास्थ्य को लेकर चिंता हो सकती है, इसलिए समय रहते जांच करवाना बेहतर रहेगा। अगर कहीं घूमने का मन बना रहे हैं, तो माता-पिता का आशीर्वाद लेकर ही निकलें, वरना मन में खटक बनी रह सकती है। सरकारी कामों में जरा सी लापरवाही भी परेशानी बढ़ा सकती है, इसलिए हर कदम सोच-समझकर उठाएं, खासकर जब बात निवेश की हो।

### वृषभ

आज का दिन आपको एक नई खुशी का एहसास करा सकता है, खासकर अगर आप प्रॉपर्टी खरीदने का सपना देख रहे हैं तो वह पूरा होने के संकेत हैं। दिल के मामलों में भी हलचल हो सकती है। सिंगल लोगों की किसी खास व्यक्ति से मुलाकात दिल की धड़कन बढ़ा सकती है। लेकिन मन में चल रही उलझनों को नजरअंदाज करना सही नहीं होगा, क्योंकि अधूरी सोच के साथ आगे बढ़ना नुकसान दे सकता है। परिवार के साथ बिताया गया समय आज आपके चेहरे पर सच्ची मुस्कान लाएगा। कहीं घूमने या किसी कार्यक्रम में शामिल होने के दौरान आपको ऐसी जानकारी मिल सकती है, जो आगे चलकर बहुत काम आएगी।

### मिथुन

आज का दिन आपको छोटे-छोटे फायदों के जरिए बड़ी संतुष्टि देने वाला है। भाग्य आपके साथ खड़ा नजर आएगा, लेकिन आपको भी अपने प्रयासों में कमी नहीं रखनी है। अगर आप किसी से मदद मांगते हैं, तो वह आसानी से मिल जाएगी। बस झिझक छोड़नी होगी। दिल में दूसरों की मदद करने का भाव जागेगा और यही आपकी सबसे बड़ी ताकत बनेगा। अपनी जरूरतों और प्राथमिकताओं को समझकर आगे बढ़ेंगे, तो दिन और बेहतर बन जाएगा। माता-पिता का आशीर्वाद आज आपके रुके हुए कामों को भी पूरा करवा सकता है।

### कर्क

आज का दिन आपके लिए जीत और संतोष लेकर आ सकता है, खासकर अगर कोई कानूनी मामला चल रहा है तो उसमें सफलता मिलने के योग हैं। दिल की कोई पुरानी इच्छा आज पूरी हो सकती है, जिससे मन में खुशी की लहर दौड़ जाएगी। परिवार में किसी के विवाह की बात पक्की होने से माहौल उत्सव जैसा हो सकता है। हालांकि, विचारों में टकराव की स्थिति बन सकती है, लेकिन अपनी बात को शांति और समझदारी से रखना ही आपको सही दिशा देगा। गुस्से पर काबू रखना आज बेहद जरूरी है, क्योंकि छोटी सी बात भी बड़ी परेशानी का रूप ले सकती है।

### सिंह

आज का दिन आपको थोड़ा संभलकर चलने का इशारा दे रहा है, खासकर जब बात पैसों की हो। खर्च और आमदनी के बीच संतुलन बनाना जरूरी होगा। सेहत में उतार-चढ़ाव मन को भी प्रभावित कर सकता है, इसलिए खुद का ध्यान रखना जरूरी है। किसी भी काम में लापरवाही आपकी मेहनत पर पानी फेर सकती है, इसलिए सतर्क रहें। परिवार में किसी की शादी में आ रही रुकावट दूर हो सकती है, जिससे घर में खुशी का माहौल बनेगा। घर के रिनोवेशन का विचार भी आज आपके मन में आ सकता है। अगर किसी काम को लेकर मन में संदेह है, तो उसे टालना ही बेहतर रहेगा।

### कन्या

आज का दिन आपको कुछ खास कर दिखाने का मौका दे रहा है, जैसे किस्मत खुद आपको आगे बढ़ाने के लिए रास्ते खोल रही हो। तरक्की के नए दरवाजे खुलेंगे और विद्यार्थी भी पढ़ाई में शानदार प्रदर्शन करेंगे। घर में सुख-सुविधाओं की चीजों पर खर्च बढ़ सकता है, जिससे माहौल आरामदायक बनेगा। हालांकि भाई-बहनों से किसी बात को लेकर तीखी बहस हो सकती है। बिजनेस में पूरी सतर्कता बनाए रखें, क्योंकि कोई आपको धोखा देने की कोशिश कर सकता है। आज किसी अजनबी पर भरोसा करके लेन-देन करना नुकसानदेह हो सकता है।

### तुला

आज का दिन आपके चेहरे पर मुस्कान लाने वाला है। चारों ओर सकारात्मकता का माहौल रहेगा और जो लोग कभी आपके विरोधी थे, वे भी आज आपके करीब आ सकते हैं। परिवार में किसी नए सदस्य के आने की खुशखबरी माहौल को और भी खुशनुमा बना देगी। रिश्तेदारों का पूरा सहयोग मिलेगा और किसी करीबी दोस्त की सलाह आपके लिए फायदेमंद साबित हो सकती है। नया वाहन लेने का विचार भी आज जन्म ले सकता है। बस सेहत को नजरअंदाज न करें, क्योंकि छोटी सी समस्या भी आपको परेशान कर सकती है।

### वृश्चिक

आज का दिन कामकाज के लिहाज से शानदार रहने वाला है। नौकरी करने वालों को अपने काम में संतुष्टि मिलेगी और दिन अच्छा बीतेगा। कहीं घूमने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी हाथ लग सकती है, जो भविष्य में आपके लिए लाभदायक होगी। विदेश से जुड़े व्यापार में थोड़ा सतर्क रहने की जरूरत है। माता जी आपको कोई जिम्मेदारी सौंप सकती हैं, जिसे निभाने में आपको पूरी मेहनत लगानी होगी। परिवार के साथ बिताया गया समय आपके मन को सुकून देगा और राजनीति से जुड़े लोगों को सम्मान मिलने के योग हैं।

### धनु

आज का दिन आपको अचानक मिलने वाले लाभ से चौंका सकता है। संपत्ति से जुड़ा कोई फायदा या पुराने निवेश से मिलने वाला रिटर्न आपके चेहरे पर खुशी ला सकता है। आप हर मौके को पकड़ने की कोशिश करेंगे, लेकिन जल्दबाजी से बचना जरूरी है। अपने कामों में बदलाव सोच-समझकर ही करें, क्योंकि यही आपकी सफलता का आधार बनेगा। कोई बड़ा लक्ष्य आज पूरा हो सकता है, जिससे आत्मविश्वास और बढ़ेगा। परिवार के रिश्तों में मिठास बनी रहेगी और दिल को सुकून मिलेगा।

### मकर

आज का दिन आपको धैर्य और संयम की असली ताकत सिखाएगा। छोटे बच्चों के साथ बिताया गया समय आपको सुकून और खुशी देगा। अगर पारिवारिक संपत्ति को लेकर कोई विवाद चल रहा था, तो उसमें समाधान निकल सकता है। नया काम शुरू करने का विचार आज आकार ले सकता है। प्रेम जीवन में थोड़ी खटास आ सकती है, इसलिए शब्दों का चयन सोच-समझकर करें। बेवजह का गुस्सा आपके रिश्तों को प्रभावित कर सकता है, इसलिए अपनी वाणी को मधुर बनाए रखना ही आज की सबसे बड़ी जीत होगी।

### कुंभ

आज का दिन आर्थिक रूप से आपको मजबूती देने वाला है। आपके जीवन में कोई नई खुशखबरी दस्तक दे सकती है, खासकर अविवाहित लोगों के लिए। माता-पिता के सहयोग से आपके रुके हुए काम पूरे होंगे और मन में संतोष रहेगा। प्रेम और सहयोग की भावना आपके भीतर बनी रहेगी, लेकिन दिखावे के चक्कर में पड़ना नुकसानदेह हो सकता है। संतान की पढ़ाई को लेकर आप कोई बड़ा निर्णय ले सकते हैं। वाहन चलाते समय सावधानी रखें, क्योंकि अचानक खराबी आपके खर्च को बढ़ा सकती है।

### मीन

आज का दिन आपके लिए सम्मान और सफलता का संदेश लेकर आया है। कार्यक्षेत्र में आपको कोई उपलब्धि या पुरस्कार मिल सकता है, जिससे आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। बड़ों की सलाह आज आपके लिए मार्गदर्शन का काम करेगी। अगर कोई शारीरिक समस्या परेशान कर रही है, तो उसे नजरअंदाज न करें और सही डॉक्टर से सलाह लें। अगर आपने किसी से उधार लिया है, तो उसे लौटाने का समय आ सकता है। परिवार के साथ बिताया गया समय आपके दिल को सुकून देगा और मनोरंजन पर भी आप खुलकर खर्च कर सकते हैं।

# US का मिशन चांद

## 54 साल बाद इतिहास की दहलीज पर नासा, आर्टेमिस-II से भेजे गए चार अंतरिक्ष यात्री, जानें सबकुछ



अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी NASA ने 54 साल बाद इंसानों को चंद्रमा की दिशा में भेजकर इतिहास रच दिया है। Artemis II मिशन के तहत चार अंतरिक्ष यात्रियों को फ्लोरिडा के कैनेडी स्पेस सेंटर से लॉन्च किया गया। यह 1972 के Apollo 17 के बाद पहला मौका है जब कोई मानव दल चंद्रमा के पास तक जाएगा। करीब 10 दिन की इस यात्रा में चालक दल चंद्रमा का चक्कर लगाकर सुरक्षित पृथ्वी पर लौटेगा। इस मिशन का नेतृत्व कमांडर रीड वाइसमैन कर रहे हैं। उनके साथ पायलट विक्टर ग्लोवर, मिशन स्पेशलिस्ट क्रिस्टीना कोच और कनाडा के जेरेमी हैनसेन शामिल हैं। यह मिशन कई मायनों में ऐतिहासिक है, क्योंकि पहली बार कोई महिला, कोई अश्वेत अंतरिक्ष यात्री और एक कनाडाई नागरिक पृथ्वी की निचली कक्षा से आगे चंद्रमा की दिशा में जा रहे हैं। मिशन में स्पेस लॉन्च सिस्टम (SLS) रॉकेट और ओरायन कैप्सूल का इस्तेमाल किया गया है। उड़ान 'फ्री-रिटर्न ट्रैजेक्टरी' पर आधारित है, यानी चंद्रमा का गुरुत्वाकर्षण यान को स्वतः पृथ्वी की ओर वापस ले आएगा। अंतरिक्ष यात्री चंद्रमा के सुदूर हिस्से का अध्ययन करेंगे और अंतरिक्ष विकिरण व सौर गतिविधियों से जुड़े महत्वपूर्ण डेटा जुटाएंगे। यह मिशन भविष्य में चंद्रमा पर दोबारा मानव लैंडिंग की तैयारी का अहम चरण है। इसके बाद Artemis III के जरिए चंद्रमा की सतह पर उतरने की योजना है। वैज्ञानिकों का मानना है कि यह अभियान भविष्य में चंद्रमा पर स्थायी बेस बनाने और मंगल ग्रह तक मानव मिशन भेजने की दिशा में बड़ा कदम साबित होगा।

# UP Weather Alert

## दो पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय, कई जिलों में भारी बारिश और आंधी की चेतावनी



अप्रैल की शुरुआत के साथ ही उत्तर प्रदेश में मौसम ने अचानक करवट ले ली है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र, लखनऊ के अनुसार तीन और सात अप्रैल को दो पश्चिमी विक्षोभ एक साथ सक्रिय हो रहे हैं, जिसके प्रभाव से प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में तेज हवाओं, गरज-चमक और बारिश का दौर शुरू होने की संभावना है। मौसम विभाग ने कई जिलों में सतर्कता बरतने की सलाह जारी की है। वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक पश्चिमी यूपी, मध्यांचल और बुंदेलखंड क्षेत्र में 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से झोंकेदार हवाएं चल सकती हैं। कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि की भी आशंका जताई गई है। तेज हवाओं और बारिश से फसलों को नुकसान हो सकता है, साथ ही बिजली गिरने की घटनाएं भी बढ़ सकती हैं। प्रशासन को अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए गए हैं। पिछले 24 घंटों के दौरान प्रदेश के कई जिलों में बारिश दर्ज की गई। कन्नौज में सर्वाधिक 29 मिमी वर्षा हुई, जबकि मैनपुरी में 20 मिमी और लखनऊ में 15.1 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। एटा, हाथरस और चित्रकूट में भी 10 मिमी से अधिक वर्षा दर्ज हुई। फर्रुखाबाद में ओले गिरने की सूचना मिली है, जिससे किसानों की चिंता बढ़ गई है। तापमान की बात करें तो बांदा 38.8 डिग्री सेल्सियस के साथ प्रदेश का सबसे गर्म जिला रहा। आजमगढ़ में 38.4 डिग्री और अयोध्या में 38 डिग्री तापमान दर्ज किया गया। मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले कुछ दिनों तक प्रदेश में मौसम का उतार-चढ़ाव जारी रहेगा, जिससे गर्मी और बारिश का मिश्रित असर देखने को मिलेगा।

## रामायण' से सामने आया रणबीर कपूर का लुक




फैंस का इंतजार खत्म हुआ। साल की सबसे बहुप्रतीक्षित और बड़ी फिल्म 'रामायण' से आज भगवान राम बने रणबीर कपूर का लुक सामने आ गया है। इस लुक के सामने आने के बाद अब फिल्म को लेकर फैंस का उत्साह और भी चरम पर पहुंच गया है। मेकर्स ने फिल्म को लेकर जो उत्साह पैदा किया है, वो राम के इस शानदार लुक को देखने के बाद बढ़ता है। रणबीर कपूर ने एक बार फिर अपने फैंस को चौंका दिया है।2 मिनट 38 सेकंड के इस वीडियो में रणबीर छाए नजर आए। भगवान राम के किरदार में रणबीर काफी जंच रहे हैं। फिल्म से अलग-अलग हिस्सों से उनके लुक दिखते हैं। लेकिन हर लुक में रणबीर काफी संयमित नजर आए हैं। यही कारण है कि रणबीर का लुक सामने आने के बाद फिल्म को लेकर फैंस का इंतजार और भी बढ़ता है।पिछले साल आई थी फिल्म की पहली झलकइससे पहले पिछले साल मेकर्स फिल्म की पहली झलक और टाइटल लेकर आए थे। तब तक किसी का भी लुक सामने नहीं आया था, सिर्फ राम बने रणबीर और रावण के किरदार में यश की हल्की सी झलक देखने को मिली थी। लेकिन अब राम का पूरा लुक सामने आया है। हालांकि, अभी भी फिल्म से बाकी किरदारों रावण, सीता और हनुमान के लुक आना बाकी है। इनका फैंस को बेसब्री से इंतजार है।नितेश तिवारी द्वारा निर्देशित 'रामायण' दो पार्ट में रिलीज होगी। इसका पहला पार्ट इस साल दिवाली पर रिलीज किया जाएगा। जबकि दूसरा पार्ट अगले साल दिवाली 2027 पर सिनेमाघरों में दस्तक देगा।

## हनुमान जयंती पर रिलीज हुआ 'वाल्मीकि रामायण' का पोस्टर

आज हनुमान जयंती के शुभ अवसर पर 'वाल्मीकि रामायण' का पहला पोस्टर जारी किया गया है। फिल्म के इस भक्तिमय पोस्टर में प्रभु राम के साथ भक्त हनुमान की झलक दिखाई गई है।26 मार्च को रामनवमी के अवसर पर फिल्म 'वाल्मीकि रामायण' का पहला लुक सामने आया है26 मार्च को रामनवमी के अवसर पर फिल्म वाल्मीकि रामायण' लुक सामने आया है।




## शाहिद कपूर की फिल्म 'कॉकटेल' का पहला गाना होगा रिलीज



शाहिद कपूर, रश्मिका मंदाना और कृति सेनन स्टारर फिल्म 'कॉकटेल 2' को लेकर नया अपडेट सामने आया है। जून में रिलीज होने वाली इस फिल्म का पहला गाना 'जब तलक' जल्द ही रिलीज होगा। रश्मिका मंदाना ने बुधवार को अपने इंस्टाग्राम पेज पर फिल्म 'कॉकटेल 2' से जुड़ा एक नया पोस्टर साझा किया है। इसमें उनके साथ कृति सेनन और शाहिद कपूर वेकेशन मूड में नजर आ रहे हैं। फिल्म का एक गाना 'जब तलक' जल्द ही रिलीज होगा, इस बारे में भी रश्मिका ने जानकारी साझा की है। रश्मिका मंदाना ने अपनी पोस्ट के कैप्शन में लिखा है, 'गाना 'जब तलक 8 अप्रैल को रिलीज होगा।' इस



गाने में कृति सेनन, शाहिद कपूर और रश्मिका मंदाना का अलग अंदाज दर्शकों को देखने को मिलेगा। पोस्टर में जो लुक तीनों एक्टर्स का दिख रहा है, वही गाने में भी नजर आ सकता है। फिल्म 'कॉकटेल 2' की रिलीज डेट भी मेकर्स ने कुछ वक्त पहले शेयर की थी। यह फिल्म 19 जून2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। 'कॉकटेल 2' एक रोमांटिक ड्रामा फिल्म है। इसका निर्देशन होमी अदजानिया ने किया है। 'कॉकटेल 2' साल 2012 में आई फिल्म 'कॉकटेल' का सीक्वल है। इसमें दीपिका पादुकोण, डायना पेंटी और सैफ अली खान लीड रोल में थे। वहीं 'कॉकटेल 2' में शाहिद कपूर, कृति सेनन और रश्मिका मंदाना जैसे एक्टर लीड रोल में हैं। पिछली फिल्म 'कॉकटेल' को दर्शकों ने काफी पसंद किया था। बॉक्स ऑफिस पर भी इसने अच्छी कमाई की थी।

## आर्यन खान से नाराज हुए शाहरुख के पुराने दोस्त




करियर के शुरुआती दौर में विवेक वासवानी और शाहरुख खान ने काफी वक्त साथ गुजारा था। शाहरुख खान उनके घर पर भी काफी वक्त तक रहे। साथ में दोनों ने अभिनय भी किया है। एक हालिया पॉडकास्ट में विवेक वासवानी ने अपने और शाहरुख खान की दोस्त पर, करियर पर बात की। साथ ही शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान निर्देशित सीरीज 'बैड्स ऑफ बॉलीवुड' पर अपनी नाराजगी की वजह को भी साझा किया है।विक्की ललवानी के पॉडकास्ट में विवेक वासवानी ने आर्यन खान की पिछले साल रिलीज हुई सीरीज 'बैड्स ऑफ' पर बात की है। वह इस सीन एक सीन से काफी दुखी हुए। वह कहते हैं, 'आप दिखा रहे हैं कि डायरेक्टर एक औरत को लात मारकर जमीन पर गिरा देता है। मैंने इंडस्ट्री में ऐसा कुछ कभी नहीं देखा। मुझे यहां ऐसे बुरे लोग कभी नहीं मिले। बॉलीवुड के बारे में लोग जिस गंदगी या तथाकथित 'बुरे पहलू' की बात करते हैं, मैंने उसे कभी नहीं देखा। यहां तक कि शाहरुख ने भी ऐसा कुछ कभी नहीं देखा।' व'सबको बुरा क्यों दिखाना? इंडस्ट्री में अच्छे लोग भी हैं। अगर आप 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड' जैसा कुछ बना रहे हैं और इसका बुरा पहलू दिखाना चाहते हैं, तो यह ठीक है, लेकिन इसमें यश चोपड़ा जैसे लोग भी होने चाहिए, जो हमेशा अच्छे रहे हैं। इसमें यश जौहर या विवेक वासवानी जैसे लोग भी होने चाहिए, जिन्होंने हमेशा लोगों की मदद की है। इसमें अच्छे लोग भी होने चाहिए थे।'

## गोल्डन टेंपल के दर्शन करके भावुक हुईं प्रियंका चोपड़ा, दिवंगत पिता को किया याद



मंगलवार को प्रियंका चोपड़ा अमृतसर में स्थित गोल्डन टेंपल पहुंची थीं। बुधवार को स्वर्ण मंदिर की कई तस्वीरें सोशल मीडिया पर प्रियंका ने साझा की हैं। साथ ही अपने पिता को याद भी किया, उनके नाम एक भावुक संदेश लिखा। इन दिनों देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा हॉलीवुड गलियारों को छोड़कर अमृतसर की गलियों में नजर आ रही हैं। मंगलवार को वह गोल्डन टेंपल भी दर्शन करने पहुंची थीं। मंदिर के दर्शन करने के बाद प्रियंका ने वहां पर सेवा भी की। बुधवार को अपनी गोल्डन टेंपल की यात्रा से जुड़ी कुछ खास तस्वीरें प्रियंका ने इंस्टाग्राम पर साझा की हैं। इस पावन स्थान पर पहुंचकर उन्हें अपने दिवंगत पिता की भी बहुत याद आई। अपनी पोस्ट में प्रियंका ने अपने पिता को भी याद किया है। देखें प्रियंका चोपड़ा द्वारा साझा की गई तस्वीरें।गोल्डन टेंपल के सामने खड़े होकर प्रियंका चोपड़ा ने



अपने पिता को भी याद किया है। देखें प्रियंका चोपड़ा द्वारा साझा की गई तस्वीरें। साथ ही एक बुजुर्ग निहंग सिख की फोटो भी प्रियंका चोपड़ा ने अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट पर शेयर की है। इन दिनों प्रियंका चोपड़ा भारत तभी आती हैं, जब उनकी फिल्म 'वाराणसी' की शूटिंग होती है।

# Customs Duty:

## वित्त मंत्रालय ने 30 जून तक प्रमुख पेट्रोकेमिकल उत्पादों पर कस्टम ड्यूटी में दी छूट, जानिए मायने



पश्चिम एशिया संकट के बीच वित्त मंत्रालय ने प्रमुख पेट्रोकेमिकल उत्पादों पर कस्टम ड्यूटी में 30 जून तक भारी छूट दी है। प्लास्टिक, फार्मा और ऑटो सेक्टर को कैसे होगा फायदा, जानने के लिए पूरी खबर पढ़ें। पश्चिम एशिया में चल रहे मौजूदा भू-राजनीतिक संकट के बीच भारत सरकार ने घरेलू उद्योगों और आम जनता को बड़ी राहत दी है। वित्त मंत्रालय ने प्रमुख पेट्रोकेमिकल उत्पादों के आयात पर कस्टम ड्यूटी (सीमा शुल्क) में छूट देने का एलान किया है। मंत्रालय के अनुसार, यह रियायत 30 जून तक लागू रहेगी। इस कदम का मकसद पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष प्रभावित होने वाली आपूर्ति शृंखला को दुरुस्त करने के लिए प्रमुख सेक्टर्स को कच्चे माल की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित उत्पादन लागत में भारी कमी आएगी। वाली कंपनियों को सस्ती दरों पर कच्चा माल उपलब्ध हो सकेगा।

### उद्योगों के लिए रणनीतिक राहत

पश्चिम एशिया का संकट वैश्विक स्तर पर कच्चे माल की आपूर्ति और कीमतों को प्रभावित कर रहा है। इसे देखते हुए वित्त मंत्रालय के फैसले को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। आयात शुल्क में इस रणनीतिक कटौती का सीधा और सकारात्मक प्रभाव देश के विनिर्माण और एमएसएमई से जुड़े कई प्रमुख औद्योगिक क्षेत्रों पर पड़ेगा। इन उद्योगों के लिए पेट्रोकेमिकल्स प्राथमिक कच्चा माल हैं; ड्यूटी घटने से इन सेक्टर्स की उत्पादन लागत में भारी कमी आएगी। दवाओं के निर्माण और उच्च-गुणवत्ता वाली पैकेजिंग में पेट्रोकेमिकल्स का इस्तेमाल होता है, जिससे स्वास्थ्य व फार्मा सेक्टर को सीधा लाभ होगा।

# Gold-Silver Price

## पश्चिम एशिया तनाव के बीच सोना-चांदी में उछाल कीमतों में तीन फीसदी से ज्यादा की तेजी



Gold Silver Rates Today: पश्चिम एशिया तनाव में नरमी की उम्मीदों के बीच मंगलवार को सोना-चांदी की कीमतों में तेजी आई, जिसमें दोनों धातुओं ने 3% से ज्यादा उछाल दर्ज किया। कॉमेक्स पर सोना 4,618 डॉलर प्रति औंस और चांदी 73.2 डॉलर तक पहुंच गई। Sone Chandi ka Aaj ka Rate: वैश्विक बाजार में सोने-चांदी की कीमतों में बढ़त दर्ज की गई है। इस तेजी को पश्चिम एशिया में तनाव कम होने की उम्मीदों का समर्थन मिला। इसके बावजूद, सोना इस महीने 17 साल की सबसे बड़ी गिरावट दर्ज करने की राह पर है। इसकी बड़ी वजह बढ़ती ऊर्जा कीमतें हैं, जिन्होंने महंगाई को बढ़ाया है और इस साल अमेरिकी ब्याज दरों में कटौती की संभावनाओं को कमजोर कर दिया है। आज सोना और चांदी दोनों ही हरे निशान में कारोबार करते नजर आए। दोनों धातुओं में 3% से अधिक की तेजी दर्ज की गई। कॉमेक्स पर सोना करीब 1.25% बढ़कर 4,618 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया, जबकि पिछले सत्र में इसमें 0.4% की बढ़त देखी गई थी। वहीं, एशियाई कारोबार के दौरान कॉमेक्स चांदी 3.7% उछलकर 73.2 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई। कीमतों में इस उछाल के पीछे कई अहम वजहें हैं। कच्चे तेल की कीमतों में तेजी ने महंगाई को लेकर चिंता बढ़ा दी है, जिससे बाजार में यह धारणा मजबूत हुई है कि फेडरल रिजर्व भविष्य में दरों में कटौती के बजाय उन्हें ऊंचा रख सकता है या बढ़ा भी सकता है। हालांकि, फेडरल रिजर्व के चेयरमैन जेरोम पॉवेल ने कहा कि मौजूदा स्थिति में केंद्रीय बैंक की नीति इंतजार और निगरानी की है और दीर्घकालिक महंगाई की उम्मीदें अब भी नियंत्रण में हैं। इसके अलावा, बाजार में डिप बाइंग का ट्रेंड भी देखने को मिल रहा है। मिडिल ईस्ट संघर्ष शुरू होने के बाद आई गिरावट का फायदा उठाते हुए निवेशक सोने में खरीदारी कर रहे हैं

# The Bonus Market Update:

## बढ़त के साथ बंद हुआ शेयर बाजार, सेंसेक्स 1187 अंक चढ़ा, निफ्टी 22600 के पार




पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष में संभावित तनाव कम होने की उम्मीदों के चलते वैश्विक बाजारों में आई तेज तेजी के साथ-साथ बुधवार को बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी लगभग 2 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुए। कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट ने भी बाजार की भावना को बढ़ावा दिया। नए वित्तीय वर्ष की शानदार शुरुआत करते हुए, 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 1,186.77 अंक या 1.65 प्रतिशत बढ़कर 73,134.32 पर बंद हुआ। दिन के दौरान, इसमें 2,017.03 अंक या 2.80 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 73,964.58 पर पहुंच गया। 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 348 अंक या 1.56 प्रतिशत चढ़कर 22,679.40 पर बंद हुआ। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से ट्रेंट, इंटरग्लोब एविएशन, अदानी पोर्ट्स, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और इटरनल प्रमुख लाभ कमाने वाली कंपनियों के रूप में उभरीं। एनटीपीसी, सन फार्मा, पावर ग्रिड, अल्ट्राटेक सीमेंट और भारती एयरटेल पिछड़ने वाली कंपनियां रहीं। एशियाई बाजारों में, दक्षिण कोरिया का बेंचमार्क कोस्पी, जापान का निक्केई 225 सूचकांक, शंघाई का एसएसई कंपोजिट सूचकांक और हांगकांग का हैंग सेंग सूचकांक तेजी से ऊपर चढ़कर बंद हुए। कोस्पी में 8.44 प्रतिशत की उछाल आई, जबकि निक्केई 225 सूचकांक 5.24 प्रतिशत चढ़ गया। यूरोप के बाजारों में सकारात्मक रुझान देखने को मिला। मंगलवार को अमेरिकी बाजार में उल्लेखनीय तेजी देखी गई। नैस्डैक कंपोजिट इंडेक्स में 3.83 प्रतिशत, एसएंडपी 500 में 2.91 प्रतिशत और डाउ जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज में 2.49 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। ऑनलाइन ट्रेडिंग और वेल्थ टेक फर्म एनरिच मनी के सीईओ पोनमुडी आर ने कहा कि भारतीय शेयर बाजारों ने नए वित्तीय वर्ष की सकारात्मक शुरुआत की है, पश्चिम एशिया संघर्ष में संभावित कमी और ऊर्जा आपूर्ति में व्यवधानों में कमी को लेकर नए सिरे से आशावाद के चलते शेयरों में उछाल आया है। पोनमुडी ने आगे कहा कि राष्ट्रपति ट्रम्प की यह टिप्पणी कि अमेरिका अगले दो से तीन हफ्तों के भीतर ईरान से समझौते के बावजूद या बिना समझौते के पीछे हट सकता है, बाजारों के लिए उस उत्प्रेरक का काम किया जिसका वे इंतजार कर रहे थे, जिससे वैश्विक जोखिम परिसंपत्तियों में व्यापक राहत की लहर दौड़ गई।

# Rupee Rebound:

## आरबीआई के कड़े कदमों से रुपये ने पकड़ी रफ्तार, डॉलर के मुकाबले 93.19 पर पहुंचा



आरबीआई के सख्त कदम से रुपये ने ऐतिहासिक निचले स्तर से वापसी करते हुए डॉलर के मुकाबले 93.19 पर शानदार रिकवरी की है। कच्चे तेल में उबाल, विदेशी निवेशकों की बिकवाली और रिकॉर्ड जीएसटी कलेक्शन के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था का पूरा हाल जानने के लिए पढ़ें। भारतीय रुपये ने ऐतिहासिक निचले स्तर से शानदार वापसी करते हुए गुरुवार को शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 151 पैसे की मजबूत रिकवरी दर्ज की है। यह उछाल मुख्य रूप से भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की ओर से 'ऑनशोर फॉरवर्ड डिलीवरी मार्केट' में बैंकों की नेट ओपन पोजीशन को सीमित करने के त्वरित कदम का नतीजा है। हालांकि, भू-राजनीतिक तनाव, कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और विदेशी निवेशकों की बिकवाली के कारण मुद्रा बाजार पर अब भी दबाव बना हुआ है। इंटरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में गुरुवार को रुपया 94.62 के स्तर पर खुला और जल्द ही 1.6 प्रतिशत (151 पैसे) की तेज बढ़त के साथ 93.19 के स्तर पर पहुंच गया। गौरतलब है कि इससे पहले शुक्रवार को रुपया डॉलर के मुकाबले 94.84 के ऐतिहासिक निचले स्तर पर बंद हुआ था और सोमवार को इसने 95 का चिंताजनक स्तर भी पार कर लिया था। रुपये को मिले इस नीतिगत सहारे के बावजूद मैक्रो-इकोनॉमिक चुनौतियां बरकरार हैं:

## LSG vs DC: लखनऊ पर जीत के साथ दिल्ली का शानदार आगाज शुरुआती पांच मुकाबलों के बाद कैसा है अंक तालिका का हाल?

दिल्ली कैपिटल्स ने बुधवार को लखनऊ सुपर जाएंट्स को छह विकेट से हरा दिया। इकाना स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में 142 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली ने 17.1 ओवर में 145 रन बनाए और मैच अपने नाम कर लिया। लुंगी एनगिडी और टी नटराजन की घातक गेंदबाजी के बाद समीर रिजवी और ट्रिस्टन स्टब्स की तूफानी बल्लेबाजी के दम पर दिल्ली कैपिटल्स ने लखनऊ सुपर जाएंट्स को छह विकेट से हराकर आईपीएल 2026 की अपनी पहली जीत दर्ज की। बुधवार को लखनऊ के इकाना स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी लखनऊ ने 18.4 ओवर में 10 विकेट पर 141 रन बनाए। जवाब में दिल्ली ने 17.1 ओवर में चार विकेट पर 145 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया। रिजवी और स्टब्स की शतकीय साझेदारी से जीती दिल्ली 142 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली को पहली ही गेंद पर केएल राहुल (0) के रूप में झटका लगा। इसके बाद टीम ने 26 के स्कोर तक अपने चार विकेट खो दिए थे। इस बीच पथुम निसांका एक रन, नीतीश राणा 15 रन और कप्तान अक्षर पटेल खाता खोले बगैर



पवेलियन लौट गए थे।

मीर रिजवी ने ट्रिस्टन स्टब्स के साथ पांचवें विकेट के लिए 76 गेंदों में 119 रन की साझेदारी करते हुए टीम को 17 गेंदें शेष रहते जीत दिला दी। रिजवी 47 गेंदों में चार छक्कों और पांच चौकों के साथ 70 रन बनाकर नाबाद रहे, जबकि स्टब्स ने 39 रन की नाबाद पारी खेली। विपक्षी खेमे से प्रिंस यादव ने 20 रन देकर दो विकेट निकाले। मोहम्मद शमी और मोहसिन खान को एक-एक विकेट हाथ लगा। इससे पहले लखनऊ की टीम 141 रन ही बना पाई थी। टीम को 19 के स्कोर पर कप्तान ऋषभ पंत (7) के रूप में झटका लगा।

## PSL 2026: सुरक्षा प्रोटोकॉल के उल्लंघन के बाद पीसीबी सख्त सभी टीमों को नए निर्देश जारी किए क्या है मामला?

पीसीबी ने पीएसएल में सुरक्षा उल्लंघन के बाद सभी टीमों को सख्त निर्देश जारी किए कि बिना 24 घंटे पूर्व अनुमति कोई खिलाड़ी होटल में परिजनों से नहीं मिल सकता। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने एक टीम होटल में सुरक्षा प्रोटोकॉल का उल्लंघन होने के बाद पाकिस्तान सुपर लीग की सभी टीम को ताजा दिशा निर्देश जारी किए हैं। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि आइंदा किसी तरह का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। **पीसीबी ने भेजा ईमेल** लाहौर कलंदर्स के लिए खेल रहे जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए कहा कि वह अपने परिजनों से टीम होटल में मिलने की अनुमति देने के लिये पीसीबी के शुक्रगुजार है। इसके बाद पीसीबी ने सभी आठ टीमों और अन्य अधिकारियों को ईमेल भेजा। पीसीबी ने ईमेल में कहा कि कोई भी खिलाड़ी या अधिकारी कम से कम 24 घंटे पहले बोर्ड से अनुमति लिए बिना टीम होटल में किसी परिजन से नहीं मिल सकता। **परिजनों से मुलाकात के लिए अलग से होगी व्यवस्था** समाचारा एजेंसी पीटीआई ने सूत्र के हवाले से बताया कि बोर्ड ने आगे स्पष्ट किया कि खिलाड़ियों के लिए उनके परिजनों से मुलाकात के लिए टीम होटल में कोई जगह तय की जाएगी। सूत्र ने कहा, 'बोर्ड ने साफ तौर पर कहा कि खिलाड़ी की पत्नी, माता पिता, भाई या बहन ही उनके कमरे के भीतर जा सकते हैं



और वह भी बोर्ड से 24 घंटे पहले अनुमति लेने के बाद।' दरअसल, मामला लाहौर कलंदर्स के कप्तान शाहीन अफरीदी और ऑलराउंडर सिकंदर रजा से जुड़ा है। हाल ही में दोनों पर सुरक्षा नियमों के उल्लंघन का आरोप लगा था। रिपोर्ट्स के मुताबिक, दोनों खिलाड़ियों ने हालिया शनिवार की रात को चार लोगों को जबरन होटल के कमरे तक पहुंचाया था जबकि इसके लिए पहले ही अनुमति नहीं दी गई थी। स्थानीय पुलिस अधिकारी द्वारा पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) और पीएसएल अधिकारियों को भेजी गई चिट्ठी

## Social Media Controversy: नसीम शाह पर PCB की कार्रवाई से नाखुश PAK के पूर्व कप्तान यूनिस बोले- हद पार कर दी

नसीम शाह पर पीसीबी द्वारा की गई कार्रवाई से पूर्व पाकिस्तानी कप्तान यूनिस खान खफा हैं। उन्होंने बोर्ड के एक्शन पर सवाल खड़े किए हैं और कहा है कि पीसीबी को उसके फैसले पर सोचना चाहिए। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान यूनिस खान ने नसीम शाह के खिलाफ पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) की कार्रवाई को गलत ठहराया है। उन्होंने कहा कि बोर्ड ने हद से ज्यादा बड़ी सजा दी है। दरअसल, तेज गेंदबाज नसीम शाह पर विवादित ट्वीट मामले में सोमवार को पीसीबी ने 20 मिलियन पाकिस्तानी रुपये (लगभग 72 हजार अमेरिकी डॉलर) का भारी जुर्माना लगाया। यह पाकिस्तान क्रिकेट के इतिहास के सबसे बड़े जुर्मानों में से एक माना जा रहा है। नसीम शाह के सोशल मीडिया अकाउंट से एक ट्वीट सामने आया था, जिसमें उन्होंने पंजाब की मुख्यमंत्री मरियम नवाज पर अप्रत्यक्ष रूप से टिप्पणी की थी। यह ट्वीट कुछ ही मिनटों में डिलीट कर दिया गया, जिसके बाद नसीम ने सफाई दी कि उनका अकाउंट हैक हो गया था। यह विवाद पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) के नए सीजन के उद्घाटन मैच से पहले शुरू हुआ। हाल ही में पीसीबी के चेयरमैन मोहसिन नकवी ने घोषणा की थी कि पश्चिम एशिया संकट और स्ट्रेट ऑफ होर्मुज बंद होने के कारण ईंधन बचाने के लिए



टूर्नामेंट बिना दर्शकों के आयोजित किया जाएगा। हालांकि, पहले मैच में कई वीआईपी मेहमान मौजूद थे, जिनमें मरियम नवाज भी शामिल थीं। उन्हें गद्दाफी स्टेडियम में खिलाड़ियों और अधिकारियों से मिलते देखा गया। इसी दौरान नसीम शाह के अकाउंट से पीसीबी के एक पोस्ट को रीट्वीट करते हुए लिखा गया, 'उन्हें लॉर्ड्स की रानी की तरह क्यों ट्रीट किया जा रहा है?' इस टिप्पणी के बाद मामला तुरंत तूल पकड़ गया। नसीम ने बाद में एक और पोस्ट कर दावा किया कि उनका अकाउंट हैक हुआ था और अब उन्होंने उसे रिकवर कर लिया है।

## Anil Gurav Passed Away: पूर्व क्रिकेटर अनिल गुरव का निधन 'मुंबई के विवियन रिचर्ड्स' नाम से थे मशहूर

'मुंबई के विवियन रिचर्ड्स' के नाम से मशहूर अनिल गुरव का मंगलवार को नालासोपारा स्थित उनके आवास पर निधन हो गया। द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता कोच दिवंगत रमाकांत आचरेकर के शुरुआती शिष्यों में से एक और अपनी बल्लेबाजी के कारण दोस्तों के बीच 'मुंबई के विवियन रिचर्ड्स' के नाम से मशहूर अनिल गुरव अपनी कुछ गलत पसंद के कारण कभी उस मुकाम तक नहीं पहुंच पाए और इसका उन्हें जीवन भर पछतावा रहा। आचरेकर के सबसे बेहतरीन शिष्यों में से एक माने जाने वाले गुरव कभी क्लब स्तरीय क्रिकेट से आगे बढ़कर मुंबई टीम में जगह नहीं बना पाए। उनका का मंगलवार को नालासोपारा स्थित उनके आवास पर निधन हो गया। गुरव शारदाश्रम विद्यामंदिर में दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर और विनोद कांबली से कुछ साल सीनियर थे। कहा जाता है कि कोच आचरेकर आगे चलकर भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले इन दोनों बल्लेबाजों को गुरव को नेट पर



बल्लेबाजी करते हुए देखने के लिए ले जाया करते थे। मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) के अनुभवी क्यूरेटर और पार्षद नदीम मेमन ने याद करते हुए कहा, 'आचरेकर सर सचिन और दूसरों को नेट पर गुरव की बल्लेबाजी देखने के लिए कहते थे। वह एक ऐसे खिलाड़ी थे जिनसे बहुत कुछ सीखा जा सकता था। वह आचरेकर सर के सबसे पसंदीदा शिष्यों में से एक थे।' प्रतिभा के बावजूद गुरव कभी सीनियर स्तर तक नहीं पहुंच पाए। उन्होंने अंडर-16 और अंडर-19 स्तर पर क्रिकेट खेला और साथ ही आचरेकर के 'ससानियन क्रिकेट क्लब' और 'कामत मेमोरियल' का भी प्रतिनिधित्व किया। मेमन ने कहा, 'उनके दोस्त उन्हें 'मुंबई का विवियन रिचर्ड्स' सिर्फ इसलिए नहीं कहते थे

## पाकिस्तान की नई चाल: IPL से आधी रकम में PSL में खेल रहे एडम जैम्पा से बुलवाया- भारतीय लीग में नहीं मिलते पैसे

एडम जैम्पा के आईपीएल को लेकर दिए गए बयान ने बड़ा विवाद खड़ा कर दिया है। जहां उन्होंने कहा कि उनकी स्किल के मुताबिक आईपीएल में पैसे नहीं मिलते, वहीं आंकड़े बताते हैं कि उन्हें पहले ज्यादा सैलरी मिल चुकी है। इस बीच पाकिस्तान सुपर लीग (PSL) में उनका खेलना और इस तरह के बयान आना कई सवाल खड़े कर रहा है। फैंस इसे पीएसएल के प्रमोशन से जोड़कर देख रहे हैं, जबकि जैम्पा खुद भी अपने बयान के कारण आलोचनाओं के घेरे में आ गए हैं। आईपीएल की कामयाबी से जल रहे पाकिस्तान अब बेशर्मी की हद पार करने पर उतर आया है। जलन के मारे पाकिस्तान अब अपनी लीग के प्रमोशन के लिए नए हथकंडे अपना रहा है। इसी प्रोपेगेंडा के तहत पाकिस्तान ने ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर एडम जैम्पा से बेतुका बयान दिलवाया है। जैम्पा ने एक पाकिस्तानी न्यूज चैनल को दिए इंटरव्यू में कहा है कि भारत में प्रतिभा के मुताबिक पैसे नहीं मिलते हैं।
कहा है कि भारत में प्रतिभा के मुताबिक पैसे नहीं मिलते हैं।



दरअसल, पीएसएल आजकल गलत कारणों से सुर्खियों में है। पहले विदेशी खिलाड़ियों ने निजी कारणों से लीग में खेलने से मना कर दिया। फिर कुछ विदेशी खिलाड़ी जो वहां पहुंचे थे, उन्होंने बीच में ही टूर्नामेंट छोड़ दिया और आईपीएल से जुड़ गए। फिर कमेंटेटर निक नाइट भी आईपीएल कॉन्ट्रैक्ट मिलने के बाद पीएसएल से किनारा कर लिया। साथ ही पीएसएल में बॉल टेम्परिंग समेत कई विवाद सामने आए। इस साल पीएसएल बंद दरवाजों के पीछे खेला जा रहा है। ऐसे में लीग को फायदे से ज्यादा नुकसान हो रहा है। तमाम विवादों के बाद पाकिस्तान ने अपनी लीग को बढ़ावा देने के लिए प्रोपेगेंडा अपनाया और आईपीएल को नीचा दिखाने की कोशिश की। हालांकि, वह अब इसमें भी कामयाब नहीं हो पाए हैं। एडम जैम्पा ने जो बयान दिया है, उससे वह खुद ही विवादों में आ गए हैं। जैम्पा ने पाकिस्तानी न्यूज चैनल एआरवाई के पॉडकास्ट में कहा, 'मैंने इस साल आईपीएल से नाम वापस ले लिया। सच कहूं तो मेरी स्किल सेट वाले खिलाड़ी को वहां उतनी रकम नहीं मिलती, जितनी कुछ अन्य तरह के खिलाड़ियों को मिलती है। और आईपीएल जितना समय लेता है, उसे देखते हुए मेरे लिए इसे खेलना कोई समझदारी भरा फैसला नहीं लगा।' जैम्पा इस बयान के बाद फंस गए हैं। पिछले साल सनराइजर्स हैदराबाद द्वारा रिलीज किए जाने के बाद जैम्पा ने आईपीएल के रजिस्टर नहीं करवाया।

# BOOK YOUR ADVERTISEMENT



+91 7088120612

